दिन–बुधवार दिनांक– 12 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र इस महीने की चौबीस तारीख से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ, अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और चर्चा होगी। जबकि राज्यसभा के दो सौ चौंसठवें सत्र की शुरूआत भी इस महीने की सत्ताईस तारीख को होगी। संसद का सत्र तीन जुलाई को समाप्त होगा।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट दो हजार चौबीस परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद अक्सर पूछी जाने वाली प्रश्नावली जारी की है। इस महीने की चार तारीख को घोषित किए गए नीट परिणामों में कथित विसंगतियों के मद्देनजर यह प्रश्नावली जारी की गई है। परीक्षार्थियों को समय की हानि के लिए कृपांक देने में शिकायत निवारण समिति की भूमिका पर, एजेंसी ने कहा कि एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने तथ्यात्मक रिपोर्टों के आधार पर शिकायतों पर विचार किया। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में सात सौ अठारह और सात सौ उन्नीस अंक कैसे प्राप्त कर सकता है, इस प्रश्न के उत्तर में एजेंसी ने स्पष्ट किया कि कृपांकों के कारण, दो परीक्षार्थियों को सात सौ अठारह और सात सौ उन्नीस अंक प्राप्त हुए। एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल एक हजार पांच सौ तिरसठ परीक्षार्थियों को उनके समय की हानि की भरपाई के लिए कोई कृपांक नहीं दिए गए। गौरतलब है कि, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा में एक हजार पांच सौ से अधिक परीक्षार्थियों को दिए गए कृपांक की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया था।

———————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ष में दो बार छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। प्रवेश अब जनवरी और फरवरी के साथ–साथ जुलाई और अगस्त में भी होंगे।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की संशोधित तिथि जारी कर दी है। इसके अनुसार यह परीक्षा सभी जिला मुख्यालयों में उन्नीस से बाईस जुलाई तक होनी संभावित है। अपर सचिव सह–परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में चार से दस जून तक अतिथि

शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाने के कारण परीक्षा तिथि में बदलाव किया गया है।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले दो दिन तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। विभाग ने राजधानी पटना समेत प्रदेश के चौदह जिलों में भीषण गर्मी का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छियालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि पंद्रह जून से प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट हो सकती है। इधर, पटना जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण सभी कोचिंग संस्थानों को पन्द्रह जून तक बंद करने का आदेश जारी किया है।

———————————————————————

इधर, भीषण गर्मी के कारण शेखपुरा जिले के बेलछी गांव में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्रावास में तीन छात्राएं बेहोश हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिकाओं को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के नेशनल हाई–वे तीन सौ सत्ताईस–ई पर ट्रक और ऑटो की सीधी टक्कर में दो महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ऑटो में छह लोग सवार थे। सभी मृतक त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के महेशवा पंचायत के निवासी थे। वहीं, मुंगेर जिले के श्री कृष्ण सेतु पुल पर एक तेज रफ्तार ऑटो ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। घटना में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि सात लोग घायल हो गये।

———————————————————————

जहानाबाद जिले के घोषी थाना क्षेत्र के घोषी बाजार में अचानक कबाड़खाना में आग लगने से लगभग बारह लाख रुपए की सम्पत्ति जलकर खाक हो गया।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच सत्ताईस पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक कंटेनर से उन्नीस ऊँट बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस मामले में चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद ऊँटो की कीमत तीस से चालीस लाख रुपये बताई जा रही है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के भितहाँ थाना क्षेत्र की पुलिस ने गंडक नदी के भुईधरवा घाट पर नाव द्वारा तस्करी कर लायी जा रही छियासी कार्टन शराब को जब्त किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।